चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :– सम्बद्धता/580
दिनांक :– 29-06-2021

अन्तिम अनुस्मारक

सेवा में,

01. सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध स्ववित्त पोषित संस्थान/महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

02. सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध स्ववित्त पोषित बी0एड0 संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– संस्थान में कार्यरत एवं विश्वविद्यालय से अनुमोदित समस्त शिक्षकों का विवरण विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड किये जाने के सन्दर्भ में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांकः सम्बद्धता/6215, दिनांक 26.06.2020 एवं सम्बद्धता/9131, दिनांक 27.11.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त स्ववित्त पोषित संस्थानों को निर्देशित किया गया था कि वे संस्थान में संचालित विभिन्न पाठयक्रमों में कार्यरत एवं विश्वविद्यालय से अनुमोदित शिक्षकों का विवरण विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। खेद का विषय है कि कतिपय संस्थानों द्वारा अद्यतन भी शिक्षकों का विवरण विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है। जिसपर मा0 कुलपति महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

अतः कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 28.06.2021 के अनुपालन में आपको यह निर्देशित किया जाता है कि आप संस्थान में संचालित समस्त पाठयक्रमों में कार्यरत शिक्षकों का विवरण विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिये गये लिंक **https://ccsuniversity.ac.in/ccsu/collegelogin_teacher/** पर दिनांक **15.07.2021** तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

यदि संस्थान द्वारा दिनांक 15.07.2021 तक संस्थान में कार्यरत एवं विश्वविद्यालय से अनुमोदित शिक्षकों का विवरण विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड नहीं कराया जाता है तो शैक्षिक सत्र 2021–22 में सन्दर्भित संस्थानों का नाम विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय पोर्टल पर अंकित नहीं किया जाएगा तथा बी0एड0 संस्थानों का नाम शैक्षिक सत्र 2021– 22 में छात्रों के प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग विश्वविद्यालय (लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ) को प्रेषित नहीं किया जाएगा। जिसका समस्त उत्तर दायित्व आपका होगा।

भवदीय,
29.06.2021
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
02. सचिव प्रति कुलपति को मा0 प्रति कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
04. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

Vivt.(589)

सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता)